प्रेषक, **स्मरण पत्र**

जिला विद्यालय निरीक्षक,
प्रयागराज।

सेवा में,

समस्त प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या,
राजकीय/अशासकीय सहायता प्राप्त/वित्तविहीन मान्यता प्राप्त/
सी0बी0एस0ई0/आई0सी0एस0ई0 द्वारा संचालित एवं संस्कृत माध्यमिक विद्यालय,
जनपद–प्रयागराज।

पत्रांक/विविध/ 12781-88 /2022–23 दिनांकः 24-01-2023

विषयः **मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजनान्तर्गत अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों का लाभान्वित कराये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक इस कार्यालय के पत्रांक/अनु0खेल/12375–82/2022–23 दिनांक 13.01.2023, पत्रांक/अनु0खेल/5244–48/2022–23 दिनांक 12.08.2022 एवं पत्रांक/विविध/12715–22/2022–23 दिनांक 23.01.2023 का संदर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजनान्तर्गत अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित कराये जाने हेतु विस्तृत दिशा–निर्देश दिये गये हैं। उल्लेखनीय है कि मुख्य विकास अधिकारी प्रयागराज द्वारा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की समीक्षा की गयी, जिसमें कन्या सुमंगला योजना में आवेदन पत्रों की संख्या कम होने के कारण अप्रसन्नता व्यक्त की गयी।

समीक्षा बैठक में मुख्य विकास अधिकारी प्रयागराज द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में जनपद के माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया जाता है कि मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अन्तर्गत अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित कराये जाने **हेतु विद्यालय में अभियान चलाकर योजना का प्रचार–प्रसार कराते हुए समस्त पात्र लाभार्थियों का दिनांक 26.01.2023 तक रजिस्ट्रेशन कराना सुनिश्चित करायें तथा दिनांक 27.01.2023 को इस आशय का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें कि विद्यालय में अध्ययनरत समस्त पात्र लाभार्थियों का आवेदन कराया जा चुका है।** प्रकरण लोक हित से जुड़ा है और मा0 मुख्यमंत्री जी के प्राथमिकताओं में है। अतः शीर्ष वरीयता प्रदान करें।

भवदीय

(पी0एन0 सिंह)
जिला विद्यालय निरीक्षक,
प्रयागराज।

पृ0सं0/विविध/ 12781-88 /2022–23 तद्दिनांक।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, उ0प्र0 निशातगंज, लखनऊ।
2. जिलाधिकारी, प्रयागराज।
3. मुख्य विकास अधिकारी, प्रयागराज।
4. शिक्षा निदेशक (मा0), उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
5. संयुक्त शिक्षा निदेशक, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज।
6. जिला प्रोबेशन अधिकारी, प्रयागराज।
7. श्री लाल बाबू मौर्य, सह जिला विद्यालय निरीक्षक, प्रयागराज को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि सम्बन्धित प्रधानाचार्यों से समन्वय बनाकर योजना का कियान्वयन एवं नियमित अनुश्रवण करते रहें तथा समय–समय पर प्रगति से अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराते रहें।

(पी0एन0 सिंह)
जिला विद्यालय निरीक्षक,
प्रयागराज।